**Need to retain Akashvani Kendra at Darbhanga, Bihar and declare it as a broadcast centre for Maithili language programmes-Laid**

श्री गोपाल जी ठाकुर (दरभंगा) **:** मेरी माँग सूचना एवं प्रसारण मंत्री जी से है कि दरभंगा में अवस्थित आकाशवाणी केन्द्र को यथावत रखने एवं मैथिली भाषा का केन्द्र घोषित कर इसके अस्तित्व को बनाए रखा जाये । यह केन्द्र वर्ष 1976 से अब तक मैथिली भाषा के विकास,मिथिला संस्कृति का संरक्षण, मैथिली गीत-संगीत का संवर्धन करती आ रही है । कुछ दिन पूर्व आकाशवाणी केन्द्र दरभंगा की प्रशासनिक व्यवस्था आकाशवाणी केंद्र पटना के अधीन कर दी गई और अब प्रसार भारती आगामी माह से आकाशवाणी दरभंगा केंद्र को मात्र रिले केन्द्र बनाने जा रही है और यह निर्णय साढ़े आठ करोड़ मैथिली भाषियों के भावना को आहत करेगी । इस केंद्र के प्रसारण क्षेत्र के अंतर्गत दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर, सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, सीतामढ़ी,शिवहर और बेगूसराय जिला समाहित है । मैथिली भाषा भारतीय संविधान की अष्टम अनुसूची में सम्मिलित एक संवैधानिक भाषा है । भारत सरकार ने भारतीय संविधान को मैथिली भाषा में अनुवादित कर इसका विमोचन किया है । "मन की बात" आकाशवाणी केन्द्र दरभंगा से ही मैथिली भाषा में प्रसारित किया जाता है । साढ़े आठ करोड़ मैथिली भाषियों की भावना का सम्मान करते हुए आकाशवाणी केन्द्र दरभंगा को मैथिली भाषा का केन्द्र घोषित करते हुए इसके अस्तित्व को बनाए रखा जाए ।